सत्य की उडान

# अलग पहचान

रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनीक

रांची, बुधवार, 24 अप्रैल 2024, वर्ष 10, अंक 12 | E-mail id alagpahchan@gmail.com | Web - www.alagpahchan.com | पृष्ठ 12, मूल्य 2/ रुपया

## आइएनडीआइए को झटका देने के लिए एनोस एक्का की झारखंड पार्टी (झापा) ने तैयारी की है

**रांची।** झारखंड में आइएनडीआइए को झटका देने के लिए एनोस एक्का की झारखंड पार्टी (झापा) ने तैयारी की है। झापा ने राज्य की आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। पांच सीटों पर पार्टी ने प्रत्याशी भी उतार दिया है।इनमें खूंटी, दुमका, चतरा, हजारीबाग और सिंहभूम सीट शामिल है। झापा ने पहले ही यह घोषणा कर रखी है। विधायक चमरा लिंडा व लोबिन हेम्ब्रम अगर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे तो झापा उन्हें अपना समर्थन देगी। अब चमरा लिंडा ने



लोहरदगा संसदीय सीट पर निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है।झापा ने गिरिडीह में जयराम महतो को समर्थन देने का मन बनाया

बुधवार को वे नामांकन भी दाखिल करेंगे। ऐसी स्थिति में झापा उन्हें समर्थन करेगा।

झापा ने गिरिडीह में जयराम महतो को समर्थन देने का मन बनाया है।

झापा ने झामुमो से नाराज चल रहे लोबिन हेम्ब्रम का भी समर्थन किया है। पार्टी ने यह घोषणा कर रखी है कि लोबिन हेम्ब्रम अगर लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरते हैं तो पार्टी उन्हें अपना समर्थन देगी और वहां से चुनाव नहीं लड़ेगी।

पार्टी अब लोबिन के निर्णय का इंतजार कर रही है। यही वजह है कि अब तक आठ में से बचे हुए तीन अन्य सीटों पर झारखंड पार्टी ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है।

## कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश न मानने पर मुख्य सचिव को फटकार, 2 मई तक रिपोर्ट देने को कहा

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने मुख्य सचिव को स्कूल में नौकरी के बदले नकदी घोटाला मामले में शामिल सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने को कहा था, लेकिन मुख्य सचिव ने ऐसा कुछ नहीं किया।



कोर्ट ने कहा कि यदि 2 मई तक सीबीआई को मंजूरी देने के मामले पर फैसला नहीं लिया गया, तो कोर्ट कार्रवाई करेगी।

न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति गौरांग कंठ की खंडपीठ ने कहा कि यदि मुख्य सचिव उस समय सीमा के भीतर फैसला लेने में विफल रहते हैं, तो उनके खिलाफ 'अदालत की अवमानना' का मामला चलेगा।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के वकील ने पहले के रुख को दोहराया कि मुख्य सचिव लोकसभा चुनाव के बीच अपने व्यस्त कार्यक्रम के कारण इस मुद्दे पर विचार नहीं कर सकते।

इससे नाराज न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि यह देखना कोर्ट का काम है कि जांच और ट्रायल प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है या नहीं। अगर ऐसा लगता है कि इस संबंध में कोई बाधा आ रही है तो हमें उसे दूर करने के लिए काम करना होगा, यह हमारी जिम्मेदारी है।

उन्होंने आगे कहा कि मुख्य सचिव के व्यस्त चुनाव कार्यक्रम का इस मामले में निर्णय लेने से कोई संबंध नहीं है। मुख्य सचिव बेवजह फैसले में देरी कर रहे हैं। क्या वह मामले की गंभीरता को समझने में विफल रहे हैं? क्या हमें यह मान लेना चाहिए कि ये आरोपी इतने प्रभावशाली हैं कि मुख्य सचिव भी मुकदमा शुरू करने का अंतिम निर्णय लेने से झिझक रहे हैं

## संपत्ति का सर्वे कराकर किसे बांटेंगे', कांग्रेस पर भड़के राजनाथ सिंह

**ब्यूरो, खूंटी ।** रांची। खूंटी में मंगलवार को पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस से पूछा कि देश के लोगों की संपत्ति का सर्वे कराकर किसे बांटने की योजना है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कांग्रेस पर संपत्तियों का सर्वे कराकर एक खास वर्ग को देने की योजना का आरोप लगाया था।खूंटी में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के नामांकन के बाद आयोजित सभा में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि झारखंड की जनता अपने स्वाभिमान से समझौता होने नहीं देगी। आइएनडीआइए के नेता ईडी और सीबीआइ को अपनी संपत्ति नहीं बताते, लेकिन देश के लोगों की संपत्ति का सर्वे कराने की बात कह रहे हैं।



राजनाथ सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस कहती है कि देश के संसाधनों का बंटवारा होगा तो मुस्लिमों को प्राथमिकता दी जाएगी। यह उनकी विभाजनकारी सोच है, जबकि भारतीय जनता पार्टी पूरे देश के नागरिकों के विकास के लिए काम करती है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि खूंटी की धरती भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि है। प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को देश में गौरव दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया है। मोदी सरकार में आदिवासी कल्याण मंत्रालय का बजट छह गुणा तक बढ़ाया गया है।

भ्रष्टाचार से कोई समझौता नहीं करेगी भाजपा- राजनाथ सिंह

खूंटी में संबोधन की शुरुआत में ही राजनाथ सिंह ने कहा कि पिछले दिनों जिस तरह से झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री तीन दिनों तक लापता रहे, यह भ्रष्टाचार की अनोखी मिसाल है। झारखंड में भाजपा के बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास ये तीन मुख्यमंत्री हुए, लेकिन इन तीनों पर भ्रष्टाचार का एक भी दाग नहीं है।

तीनों का शासन देश में अनुकरणीय माना जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पूरा जीवन ही देश सेवा के लिए समर्पित है। उनके दस सालों के शासन में भारत की आवाज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से सुनी जा रही है। देश की अर्थव्यवस्था आज पांचवें स्थान पर है, जो कुछ दिनों में विश्व में तीसरे स्थान पर चली जाएगी।

आदिवासियों का सम्मान सबसे ज्यादा भाजपा ने किया- राजनाथ सिंह

राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि भाजपा की सरकार हमेशा से आदिवासियों का सम्मान करती है। भगवान बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, चांद भैरव जैसे महान बलिदानियों को भाजपा की सरकार ने सम्मान दिया। भाजपा परिवार बनाने के लिए राजनीति नहीं करती। समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार के लिए प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन में बने आयोग ने सिफारिश की थी, जिसमें ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण कोटे से 6 प्रतिशत मुसलमान और 2 प्रतिशत अन्य अल्पसंख्यकों को देने की बात थी। जामिया मिलिया और अलीगढ़ मुस्लिम विवि जैसे शिक्षण संस्थानों में आदिवासी और दलित समाज के लिए आरक्षण नहीं है।

खूंटी की सभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू प्रमुख सुदेश महतो, केंद्रीय कृषि मंत्री और भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा, विधायक नीलकंठ मुंडा, कोचे मुंडा, रवींद्र राय समेत अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे।

## कल्पना सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। हेमंत सोरेन की पत्नी ने कहा कि, जब अंग्रेजी ताकतों के सामने नहीं झुकी तो अब भाजपा के सामने कैसे झुकेगी।

संवाददाता, चाईबासा। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन मंगलवार को सिंहभूम की धरती चाईबासा से विरोधियों पर जमकर बरसीं। इंडी गठबंधन प्रत्याशी जोबा मांझी को जिताने का संकल्प दिलाते हुए उन्होंने कहा कि ये सिंहभूम की धरती है, यहां की जनता शेर है। न पहले झुकी थी न अब झुकेगी, आपकी ताकत न अंग्रेजों के सामने झुकी न अब तानाशाही सरकार के सामने झुकी है। भाजपा को उखाड़ फेंकने का काम करना है।कल्पना सोरेन ने यह भी कहा कि



मणिपुर में क्या हुआ आपने देखा। आदिवासी की बात करते हैं, लेकिन जब उनका नरसंहार हुआ तो बीजेपी नेता ने वहां पैर तक नहीं रखा। ये इनका आदिवासी प्रेम है। जुमलेबाज भरे पड़े हैं, लेकिन आपको देखना होगा कि कौन झारखंड का हित सोचता है।हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना ने आगे कहा कि प्रदेश में सरकार बनते ही 'हो भाषा' को 8वीं अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव दिया तो गृह मंत्रालय ने कहा कि बाद में सोचेंगे। उन्होंने 'हो भाषा' को नकार दिया। सरना धर्म कोड को नकार दिया। आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं। क्या आप ऐसे लोगों को चुनेंगे, जो संसद में आपके हक और अधिकार की बात नहीं करते।

उन्होंने कहा कि केंद्र में बैठे लोग आपको दबाना चाहते हैं। उन्हें लगता है कि आप कीड़े-मकोड़े हैं। क्या आप इसे बर्दाश्त करेंगे। जोबा मांझी आपके बीच से हैं। उनका कार्यकाल बेहतरीन रहा है। आपको उन्हें मजबूती देना है। इन्हें जिताएंगे तो गुरुजी और हेमंत सोरेन मजबूत होंगे।

कल्पना सोरेन ने आगे कहा कि भाजपा ने षड्यंत्र करके हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया। अब भी साजिश कर रही है। संविधान को बदलने की कोशिश कर रही है। उसमें हमारे हक और अधिकार निहित हैं। उन्हें शिथिल करने का प्रयास हो रहा है। आज हेमंत जेल में हैं, इसलिए मुझे आपके बीच आना पड़ा। मैं उनका संदेश आपके बीच लेकर आई हूं।

## 24 अप्रैल को कर सकते हैं नामांकन लोहरदगा में चमरा लिंडा

**गुमला।** लोहरदगा संसदीय चुनाव को त्रिकोणीय बनाने वाले बिशुनपुर विधानसभा के विधायक चमरा लिंडा के एंट्री से चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है। सोमवार को नामांकन के लिए एक पर्चा खरीदे जाने की अपुष्ट सूचना मिली। इसके बाद पार्टी के कार्यकर्ता यह पता करने में जुट गए कि चमरा लिंडा के नाम पर्चा खरीदा गया या नहीं।चर्चा का विषय रहा कि पंजाब नेशनल बैंक में चमरा लिंडा ने खाता खोला है और जल्द ही पर्चा खरीदेंगे और नामांकन भी कराएंगे। लोहरदगा में झामुमो विधायक चमरा लिंडा के पार्टी लाइन से अलग हटकर निर्दलीय चुनाव



लड़ने को लेकर पिछले कई दिनों अलग-अलग कयास लगाए जा रहे थे।माना जा रहा है कि चमरा लिंडा इस बार किस्मत आजमाएंगे। वर्ष 2004, 2009 और 2014 के लोकसभा के चुनाव में चमरा लिंडा ने अच्छा प्रदर्शन किया था। भले ही वह तीनों बार चुनाव हारे, लेकिन दो बार एक लाख से अधिक मत प्राप्त कर अपनी ताकत का अहसास कराया। चर्चा इस बात की भी है चमरा 24 को नामांकन कर सकते हैं।

## रेलवे का बड़ा फैसला,रेलवे ने यात्रियों को बड़ी राहत दी है।

**संवाददाता:** रेलवे यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। आइआरसीटीसी के वेबसाइट से बुक किए गए वेटिंग व आरएसी टिकटों के रद्द किए जाने की स्थिति में सुविधा शुल्क के नाम पर मोटी रकम की कटौती नहीं होगी।ऐसे टिकटों पर अब रेलवे की ओर से निर्धारित प्रति यात्री 60 रुपये रद्दीकरण शुल्क ही लगाया जाएगा। गिरिडीह के सामाजिक सह सूचनाधिकार कार्यकर्ता सुनील कुमार खंडेलवाल की शिकायत पर रेलवे ने यात्रियों को यह राहत देने का निर्णय लिया है। इससे पूरे देश के लोगों को राहत मिलेगी।खंडेलवाल ने गत 12 अप्रैल को रेल प्रशासन को टिकट रदीकरण के संबंध में आइआरसीटीसी की ओर से मनमाना शुल्क लिए जाने के संबंध में पत्र भेजा था। इसमें उन्होंने कहा था कि आइआरसीटीसी के वेबसाइट से




बुक किए गए वेटिंग टिकटों के कंफर्म नहीं होने पर रेलवे खुद उन टिकटों को रद्द कर देता है। साथ ही हमारे द्वारा भुगतान की गई राशि का एक बड़ा हिस्सा सर्विस चार्ज के रूप में काट लिया जाता है।

शिकायत के बाद IRCTC की कार्रवाई

उदाहरण के तौर पर कहा था कि 190 रुपये के वेटिंग टिकट बुक करने पर टिकट कंफर्म नहीं होता है तो रेलवे मात्र 95 रुपया ही वापस करता है। इसी शिकायत के आलोक में आइआरसीटीसी ने यह बड़ी कार्रवाई की है।

आइआरसीटीसी के मैनेजिंग डायरेक्टर ने 18 अप्रैल को खंडेलवाल को सूचित किया है कि टिकट बुकिंग, रिफंड से संबंधित नीति, फैसले और नियमन भारतीय रेलवे (रेलवे बोर्ड) का विषय है। आइआरसीटीसी रेलवे की ओर से तैयार किए गए नियमों और विनियमों का पालन करने के लिए बाध्य है।

उन्होंने आगे कहा है कि पूरी तरह से प्रतीक्षा सूची, आरएसी टिकट क्लर्ककेज शुल्क के मामले में भारतीय रेलवे नियमों के अनुसार, 60 रुपये प्रति यात्री रदीकरण शुल्क लगाया जाएगा। आइआरसीटीसी के मैनेजिंग डायरेक्टर ने खंडेलवाल के सुझाव की काफी सराहना की है।

साथ ही मामले को रेल प्रशासन के समक्ष लाने के लिए उनका आभार प्रकट किया है। इधर, खंडेलवाल ने मामले को संज्ञान में लेने और अतिशीघ्र कार्रवाई करने के लिए रेल प्रशासन का आभार प्रकट किया है।

## झारखंड के लोगों को गर्मी से मिलेगी राहत, इन इलाकों में बादल और बारिश कि संभावना*

झारखंड में गर्मी से कुछ राहत मिलने वाली है। राजधानी रांची समेत कई इलाकों में 22 अप्रैल को आंशिक बादल छाए रहने और कहीं-कहीं हल्की बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली थी। मौसम विभाग के अनुसार, 23 अप्रैल को भी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, गुमला और खूंटी समेत दक्षिणी झारखंड के पूर्वी-पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां में आंशिक बादल छाए रहने और कहीं-कहीं हल्की बारिश होने का अनुमान है। इससे आगामी तीन चार दिनों तक तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना है।




इन क्षेत्रों में गरज के साथ तेज हवाओं का अलर्ट!

दक्षिणी झारखंड के पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां में मेघ गर्जन के साथ वज्रपात और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं का भी अलर्ट जारी किया गया है।

**कुछ इलाकों में हीटवेव का प्रकोप जारी!**

हालांकि, राहत सिर्फ कुछ दिनों की ही लगती है। मौसम विभाग के अनुसार, 25 और 26 अप्रैल को कोल्हान प्रमंडल अंतर्गत पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, उत्तरी छोटानागपुर अंतर्गत बोकारो और धनबाद के अलावा संथाल प्रमंडल के देवघर, दुमका, जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज में हीटवेव का असर देखने को मिल सकता है। इन क्षेत्रों के लिए मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। लोगों से बिना वजह घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है।

पिछले 24 घंटों का मौसम कैसा रहा?

पिछले 24 घंटों में पूरा झारखंड शुष्क रहा। पूर्वी सिंहभूम का बहरागोड़ा सबसे गर्म इलाका रहा, जहां अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम न्यूनतम तापमान गोड्डा में 23.3 डिग्री सेल्सियस रहा। राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**आगे कैसा रहेगा मौसम?**

25 और 26 अप्रैल को हीटवेव प्रभावित इलाकों में तापमान बढ़ सकता है। हलचल

**27 और 28 अप्रैल को फिर से मौसम में बदलाव की संभावना है।**

## खिड़की एक्सटेंशन में मंगलवार शाम को आंधी व बारिश की वजह से एक मकान की दीवार गिर गई।

**संवाददाता**, नई दिल्ली। मालवीय नगर के खिड़की एक्सटेंशन में मंगलवार शाम को आंधी व बारिश की वजह से एक मकान की दीवार गिर गई। इसके नीचे दबने से छह नाबालिग सहित आठ लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी की हालत खतरे से बाहर है।दक्षिणी जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि शाम करीब छह बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि मालवीय नगर के खिड़की एक्सटेंशन में एक मकान की दीवार गिर गई है। इसके नीचे कई लोग दब गए। सूचना मिलते ही पुलिस को तुरंत मौके पर भेजा गया। तब तक सभी को मलबे के नीचे से निकालकर नजदीक के अस्पताल भेज दिया गया था।



चौथी मंजिल पर बाउंड्री की गिरी दीवार

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि खिड़की एक्सटेंशन में चार मंजिला मकान बना हुआ है। मकान की सबसे ऊपर की मंजिल पर चारों तरफ से करीब चार इंच दीवार की बाउंड्री कर रखी है। शाम को अचानक तेज आंधी और बारिश की वजह से दीवार का एक हिस्सा गिर गया। इससे बिल्डिंग से सटे दूसरे मकान की छत पर कुछ बच्चे व उनके परिजन बैठे थे। दीवार का मलबा उनके ऊपर गिर गया। इससे उनके सिर व हाथ में चोट आई। सभी को उनके स्वजन ने अस्पताल में भर्ती कराया। गनीमत रही कि हादसे में उन्हें मामूली चोट आई।

चार घायलों को दी छुट्टी

चार घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बाकी का उपचार भी किया जा रहा है। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि मकान किसी कासिम के नाम पर है। वह पुलिस को मौके पर नहीं मिला। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मामले में शिकायत आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अलग पहचान



# लालपुर चौक से डिस्टलरी पुल तक के रास्ते को रखें खाली, अतिक्रमण न होने दें : झारखंड हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में फुटपाथ दुकानदारों को हटाने से पूर्व उनका पुनर्वास करने को लेकर नेशनल हॉकर फेडरेशन की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। कोर्ट ने रांची नगर निगम से मौखिक कहा कि लालपुर चौक से डिस्टलरी पुल तक के रास्ते को खाली रखें। इस सड़क का अतिक्रमण न होने दे।




रांची नगर निगम के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि लालपुर में नॉनवेज (मीट) के दुकानदारों को वेंडर मार्केट में शिफ्ट करने के बाद बचे स्थान पर अभी सब्जी विक्रेताओं को रखा जाएगा। सब्जी विक्रेताओं को सड़क से काफी दूर रहने को कहा गया है। दो माह में सब्जी विक्रेताओं के लिए डिस्टलरी पुल के निकट वेंडर मार्केट बनने पर उन्हें वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा।

नॉनवेज (मीट) के दुकानदारों से खाली कराए गए जगह पर पार्किंग बनाने के लिए उपायुक्त से एनओसी मांगा गया है। एनओसी मिलने के बाद वहां लोगों के लिए फ्री पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। चार कांस्टेबल स्थाई रूप से लालपुर में ट्रैफिक व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेंगे। बाइक से भी पुलिसकर्मी लालपुर चौक से डिस्टलरी पुल तक की सड़क जाम ना हो यह सुनिश्चित करेंगे। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई नौ मई को होगी।

## हथियार के साथ दो आरोपित गिरफ्तार



**रांची।** राजधानी की जगन्नाथपुर थाना पुलिस ने हथियार के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक 12 बोर की एक नाली बंदूक, पांच गोली, एक पेचकस, लखनऊ जिले से निर्गत हथियार का फर्जी लाइसेंस, आधार कार्ड, मोबाइल और बैग बरामद किया गया है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हटिया रेलवे स्टेशन के पास दो अज्ञात व्यक्ति बैग में हथियार और गोली लेकर ब्रिकी के लिए घूम रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने हटिया रेलवे स्टेशन के पास दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में गुजराल कुमार सिंह और गुड्डू चौधरी शामिल हैं।

एसएसपी ने बताया कि टीम में जगन्नाथपुर थाना प्रभारी एचबी प्रसाद, राजीव कुमार रंजन, राजेंद्र कुमार राणा, अशोक भगत सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# बल-बुद्धि के भंडार हैं श्रीहनुमान जी : देवी सिंह

**रांची।** राजधानी के कांके स्थित नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हनुमान जी को पूजन और पुष्पांजलि कर सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा श्री हनुमान जी हर काल में रहने वाले भगवान हैं। श्री हनुमान जी बल बुद्धि के भंडार हैं, जो भी भक्त उनके शरण में जाते हैं सदैव बलवान और विवेकशील होने का वरदान पाते हैं। उन्होंने कहा महाभारत काल में भी अर्जुन के रथ के ध्वज के साथ हनुमान जी विराजमान थे,



जिसके कारण अर्जुन का रथ सुरक्षित रहा।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू परिषद विशेष संपर्क विभाग के प्रांत सहप्रमुख प्रिंस अजवानी ने कहा कि अनुशासन हम मानवों का श्रृंगार होता है। इस अनुशासन रूपी श्रृंगार के धारण से सदैव मानव कल्याण और विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। श्री हनुमान जी भी अनुशासन के धुरी के समान है। वे सदैव सेवा करने वाले लोगों के प्रेरणा का स्रोत बने रहते हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ बिरेन्द्र साहु ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम को यदि पाना है तो सबसे पहले हनुमान जी को शरण में लेना पड़ेगा।

इस अवसर पर रामकिशोर साहू, सुनीता कश्यप, कुसुम टोप्पो सुनीता मुंडा, विजय उरांव, बालचंद उरांव, मनीष साहू, राकेश चंद्र झा, चंदन कुमार, रिंकी देवी शहीद कई शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

# ओबीसी अल्पसंख्यक, वैश्य समुदाय के साथ नाइंसाफी : राजेश गुप्ता

**रांची।** कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर पिछडा विरोधी मानसिकता के लोगों के इशारे पर टिकट बंटवारे में ओबीसी अल्पसंख्यक, वैश्य समुदाय की घोर नाइंसाफी कर रहे है। जिससे इस वर्ग में कांग्रेस के प्रति भारी आक्रोश और निराशा है। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही है, उन्होंने कहा कि एक तरफ पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी देश में कमजोर वर्ग के प्रतिनिधियों से मिलकर समस्या को घोषणा-पत्र में शामिल कर सामाजिक न्याय कर जनमत को अपने पक्ष में कर रहे हैं।




झारखंड में ओबीसी आरक्षण बढाने के मेरे सवालों पर उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं प्रभारी मीर साहब से पूछताछ भी की। वहां यह बातें आई की 50% से ज्यादा आरक्षण नहीं दी जा सकती है। तो रांची की धुर्वा में सभा के दौरान 50% आरक्षण की सीमा तोडने की घोषणा की थी। वहीं झारखंड प्रभारी मीर साहब ओबीसी समुदाय को टिकट बंटवारे में सामाजिक अन्याय कर रहे हैं। इस बाबत अग्रगणि संगठन राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रतिनिधि से मिलने में भी गुरेज कर रहे हैं। इसलिए इस विषय को लेकर आज राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रतिनिधि दिल्ली जा रहा है केंद्रीय नेतृत्व से मिलेगा।

गुप्ता ने कहा कि जिस तरह राहुल जी पूरे देश में लोगों से मिल रहे हैं और उनके प्रभारी झारखंड राज्य के बहुसंख्यक समुदाय के जनप्रतिनिधियों से मिलने, उनसे सुझाव लेने आदि का काम नहीं कर रहे हैं। वहीं राज्य के बडे 5 स्टार होटल में बडे-बडे लोगों के साथ बैठक कर रहे हैं, जबकि उन्हें चाहिए था कि ओबीसी के तमाम जातियां के प्रतिनिधियों को बुलाकर या जाकर मिलने के बाद टिकट बंटवारे करने चाहिए थी। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के आंदोलन के प्रभाव है कि भारतीय जनता पार्टी ने टिकट बंटवारे में सामाजिक न्याय का खयाल रखा है। वहीं कांग्रेस ओबीसी, वैश्य, अल्पसंख्यक के साथ राजनीतिक रूप से अन्याय कर रही है। प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, रामावतार कश्यप, एमडी जुनैद उपस्थित थे।

## बजरंगबली के मंदिरों में गूंजे जयकारे




रांची: देश के तमाम हनुमान मंदिरों में बजरंगबली के जयकारे गूंजे। राजधानी रांची के संकट मोचन मंदिर से लेकर लालपुर के हनुमान मंदिर को खूब सजाया-संवारा गया। हनुमान जयंती पर हनुमान चालीसा से लेकर भजन-कीर्तन होते रहे। जय बजरंगबली के जयकारे से पूरा वातावरण गूंजता रहा। भगवान शिव की नगरी काशी में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर गजब का नजारा रहा। शहर से लेकर गांव-देहात में चारों तरफ बजरंगबली के जन्मोत्सव की धूम रही। चारों तरफ पूजा-अर्चना और महिमा गण होती रही। शोभा यात्राएं निकाली गई, वहीं भक्तों ने ध्वजा अर्पण कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। पूर्वांचल के सबसे बड़े 60 फीट के रथ पर 25 इंच की श्री रामलला की झांकी सजाई गई, वहीं, 11 हजार ध्वज लहराये गये। 251 डमरू के निनाद और जय श्री राम, जय हनुमान के जयकारे से पुरा वातावरण गूंजता रहा। 1001 किलोग्राम लड्डूओं का भोग लगाया गया। हनुमान ध्वजयात्रा भिखारीपुर से जैसे ही आगे बढी, रास्ते में जगह- जगह भक्तों ने यात्रा का फूल बरसाकर प्रणाम किया। हनुमान ध्वजयात्रा में करीब 39 हजार से ज्यादा भक्त शामिल हुये। भक्तों का हुजूम देख लगा मानो आस्था का ज्वार उमड गया हो।

# सनातन महापंचायत की गीता पाठ प्रतियोगिता



**रांची।** श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मंगलवार को रांची के हेहल स्थित डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल में गीता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने गीता के कई श्लोकों और अध्यायों को पढ़कर उसका विवेचन भी किया। गीता पाठ में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के बीच गीता के उचित ज्ञान को बढ़ाना था। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता भारत के सभी प्राचीन योग और ज्ञान का निचोड़ और समन्वय है। गीता वास्तव में चरित्र निर्माण का सबसे बड़ा और उत्तम शास्त्र है। जीवन में बढ़ रहे तनाव को कम करने की एकमात्र विधि गीता है।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के तौर पर डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल की प्राचार्य रोशी वाधवानी, श्री सनातन महापंचायत झारखंड के युवा संयोजक डॉ अनिल कुमार, समाजसेवी शुभम चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी




**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने मंगलवार को बरियातू के सेना के कब्जेवाली 4.55 एकड़ जमीन घोटाला मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है।

इससे पूर्व अदालत में जेल में बंद आरोपितों छवि रंजन, बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची, दलाल रिम्स कर्मी अफसर अली, इम्तियाज अहमद, सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, फैयाज अहमद और अमित अग्रवाल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख सात मई निर्धारित की है। जमीन मामले में छवि रंजन चार मई 2023 से जेल में है।

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत पर एक मई को होगी सुनवाई



**रांची** । जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर इडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से दो सप्ताह का समय देने का आग्रह किया। हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसका विरोध किया।

ईडी के आग्रह को कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए एक मई की तिथि निर्धारित की है। कोर्ट ने 30 अप्रैल तक इडी को जबाव दाखिल करने का समय दिया है।फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बडगाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। इडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था।

# ड़क दुर्घटना पर झालसा अध्यक्ष ने लिया संज्ञान

**रांची।** राजधानी के मोरहाबादी के ऑक्सीजन पार्क के समीप सोमवार रात हुई सड़क दुर्घटना पर झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस सह झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) के कार्यपालक अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) को इस दुर्घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज के लिए निर्देश दिया है।



इसके बाद डालसा के सचिव राकेश रंजन और रांची सिविल कोर्ट के जज कमलेश बेहरा ने मंगलवार को रिम्स जाकर घायलों से मुलाकात की और रिम्स प्रबंधन को घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

उल्लेखनीय है कि मोरहाबादी में ऑक्सीजन पार्क के पास तेज रफ्तार कार (एसयूवी) ने सोमवार की शाम पांच लोगों टक्कर मार दी थी। इस घटना में जल संसाधन विभाग के प्रशाखा पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह की मौत हो गई थी जबकि उनकी पत्नी मधु रानी की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को रिम्स सहित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में मधु रानी, सरिता देवी, संतोष मित्रा सहित अन्य हैं।

# झारखंड हाई कोर्ट ने शपथ पत्र दाखिल नहीं करने पर राज्य सरकार पर लगाया 25 हजार रुपये का जुर्माना

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट राज्य में बिना ऑक्शन (नीलामी) के माइनिंग लीज देने, माइनिंग लीज का नवीकरण करने की जांच कराने का आग्रह करने वाली जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई।




मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया जा सका, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए राज्य सरकार पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। कोर्ट ने जुर्माने की यह राशि स्टेट बार काउंसिल में जमा करने का निर्देश दिया। साथ ही एक सप्ताह में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

याचिकाकर्ता ने याचिका दायर कर कहा है कि झारखंड में बगैर ऑक्शन के माइनिंग लीज दिया जा रहा है। गैर मजुरुवा यानी सरकारी जमीन पर भी माइनिंग की जा रही है, इसकी जांच की जानी चाहिए।

# झारखंड के पहले चरण के चुनाव में युवा मतदाता होंगे निर्णायक भूमिका में




**रांची।** राज्य में 13 मई को पहले चरण में चार लोकसभा सीटों पर मतदान होने वाला है। इन सीटों पर युवा वोटर निर्णायक भूमिका में हैं। चुनाव आयोग भी उनपर ज्यादा फोकस कर रहा है। पहले चरण में होने वाले चार सीटों पर मतदान में पहली बार 18 से 19 उम्र के 2,46,159 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए दिखेंगे। इन चारों सीटों पर पहली बार मतदान करने वालों में महिला मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक होगी।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में 13 मई को होने वाले मतदान के दौरान 18 से 19 उम्र के वैसे मतदाता जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे उनमें 1,08,648 पुरुष एवं 1,37,507 महिला मतदाता हैं, जबकि चार ट्रांसजेंडर मतदाता इस चुनाव में भागीदारी निभाएंगे।

## धनबाद से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो समर्थक और सिंह मैंशन समर्थकों के बीच जम के मारपीट. एक की हालत चिंतजानक.. कोयले में वर्चस्व को लेकर अक्सर दोनों गुटों में खूनी संघर्ष.....

**धनबाद:** लोयाबाद थाना क्षेत्र के एकड़ा पुल के समीप आज एक बार फिर ढुल्लू महतो के समर्थको ने सिंह मेंसन सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिटी सदस्य रागिनी सिंह के समर्थक सुजीत केवट के साथ जमकर मारपीट की. मारपीट की घटना में ईट पत्थर और रड का प्रयोग किया गया। घटना में सुजीत केवट के दोनों हाथ और एक पैर में गंभीर चोटें आई है. आनन फानन में स्थानीय लोगों ने सुजीत केवट को धनबाद शहीद निर्मल महतो अस्पताल ले आए जहां उनका इलाज चल रहा और हालत गंभीर बताई जा रही है.



मारपीट की इस घटना में सुजीत को अंदरूनी चोट आई है. जिससे उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है. मारपीट की घटना के सूचना के बाद लोयाबाद पुलिस अस्पताल पहुंच मामले की जांच में जुट गई है ,वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि कोयले में वर्चस्व को लेकर अक्सर दोनों गुटों में खूनी संघर्ष होते रहती है उसी का नतीजा है कि आज सुजीत केवट के साथ इस तरह की घटना घटी है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बाजार समिति स्थित बज्रगृह सह डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त आज दिनांक 23 अप्रैल 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने बाजार समिति स्थित चिन्हित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया।



इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने टुंडी विधानसभा, बाघमारा विधानसभा एवं सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग पार्टी को विधानसभावार बैठने के स्थानों एवं डिस्पैच करने हेतु चिन्हित स्थानों समेत कई अन्य स्थानों का निरीक्षण किया। डिस्पैच के अलावा उन्होंने रिसीविंग हेतु काउंटर निर्माण के लिए चिन्हित स्थानों का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने ने पोलिंग पार्टियों के बैठने समेत मूलभूत सुविधाओं हेतु चल रही तैयारियों को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने रिसीविंग हेतु विधानसभा बार काउंटर निर्माण हेतु भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, डीआरडीए निदेशक राजीव रंजन, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री कालिदास मुंडा समेत अन्य मौजूद रहें।

## आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त चिन्हित वल्नरेबल बूथों में चलाया गया मतदाता संपर्क अभियान

निर्भीक होकर आगामी लोकसभा चुनाव में भाग लेने के लिए किया गया प्रेरित



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार आज दिनांक 23 अप्रैल 2024 को आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर श्री राजेश कुमार सिन्हा की द्वारा प्रखंड अंतर्गत चिन्हित वल्नरेबल बूथ में मतदाता संपर्क अभियान चलाया गया।

विदित हो कि बलियापुर प्रखंड अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 277, 278 एवं 303 वल्नरेबल मतदान केंद्र के रूप में चिह्नित किए गए हैं। ए अलकडीहा ग्राम पंचायत के अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 277 एवं 278 के चिन्हित वल्नरेबल मतदाताओं एवं ग्राम पंचायत सुरुंगा के मतदान केंद्र संख्या 303 के वल्नरेबल मतदाताओं से प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मिलकर उन्हें निर्भीक होकर आगामी लोकसभा चुनाव में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान किसी भी दबाव या अन्य प्रलोभन रहित होकर स्वतंत्र रूप से मतदान में भाग लेने के बारे में बताया गया। उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर अभिलंब सूचित करने को कहा गया है। मतदाताओं को विश्वास दिलाया गया कि मतदान की प्रक्रिया में पूरी प्रशासनिक व्यवस्था उनके साथ है। उन्हें किसी से भी डरने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही क्षेत्र में मतदाताओं के बीच निरंतर अभियान चलाकर जागरूकता लाया जा रहा है।

मौके पर सेक्टर पदाधिकारी मनोज कुमार मिश्रा, रविंद्र नाथ, पंचायत सचिव जलेश्वर दास, स्वीप नोडल पदाधिकारी संजीव दास, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस श्री शंभू विश्वास, बीएलओ संजू देवी, सुमित्रा देवी, बसंती देवी आदि उपस्थित थे।

## गलती से भी कोई गलती नहीं हो, आरओ हैंडबुक मैनुअल के अनुसार करे कार्य - उपायुक्त

सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी (एआरओ) रिटर्निंग ऑफीसर (आरो) हैंडबुक मैनुअल के अनुसार कार्य करें, जिससे चुनाव में गलती से भी कोई गलती होने की गुंजाइश नहीं रहे। ईवीएम की कमिश्निंग समय पर पूरी करे।




उपरोक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने आज सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कृषि बाजार समिति, धनबाद पॉलिटेक्निक एवं निरसा पॉलिटेक्निक से मतदान सामग्री डिस्पैच की जाएगी। जबकि मतदान संपन्न होने के बाद सभी सामग्री कृषि बाजार समिति में निर्मित स्ट्रांग रूम में रिसीव की जाएगी। इसलिए सभी संबंधित एआरओ एक बार कृषि बाजार समिति का भ्रमण कर अपने विधानसभा क्षेत्र से संबंधित हॉल को देख ले। चुनाव सामग्री कहां और कैसे रखनी है, पहले से तय कर ले। साथ ही अपने संबंधित डिस्पैच सेंटर का भ्रमण कर सामग्री रखने के लिए कमरों को चिह्नित कर ले।

बैठक के दौरान ईवीएम से संबंधित, मतदान के बाद ईवीएम प्राप्त करने के लिए कर्मियों की प्रतिनियुक्ति, चुनाव सामग्री, वाहन, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी इत्यादि की समीक्षा की गई।

वहीं चंदनकियारी और बोकारो के एआरओ को अपने-अपने रूट चार्ट बोकारो के पुलिस अधीक्षक एवं धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक को सूचित करने के लिए कहा।

बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त श्री सादात अनवर, नगर आयुक्त श्री रवि राज शर्मा, निदेशक डीआरडीए श्री राजीव रंजन, अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार, डीसीएलआर श्री संतोष गुप्ता, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी श्री जियाउल अंसारी, वरीय उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रदीप शुक्ला, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री कालीदास मुंडा, निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री नियाज़ अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री सुनिल कुमार सिंह व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## राजकीय उच्च विद्यालय परसबनिया के ईएलसी छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार आज दिनांक 23 अप्रैल 2024 को प्रातः काल में आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर श्री राजेश कुमार सिन्हा की उपस्थिति में राजकीय उच्च विद्यालय परसबनिया के ईएलसी छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।




रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर कुंभकार ओला कर्मकार टोला, गोराई टोला, बाद टोला, बाउरी टोला, दत्ता टोला,दास टोला होते हुए मतदान केंद्र तक पहुंची। विदित हो इन मतदान क्षेत्र में विगत संसदीय आम निर्वाचन 2019 में राष्ट्रीय औसत से मतदान प्रतिशत कम था। क्षेत्र में रैली के माध्यम से आगामी 25 में को मतदान में भाग लेने की अपील की गई। मतदाताओं को स्वतंत्र एवं निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता स्लोगन के माध्यम से मतदान की अपील की गई।

आज के कार्यक्रम में विद्यालय के ईएलसी के सभी सदस्य छात्र, शिक्षक गण, क्षेत्र के बीएलओ, पर्यवेक्षक स्वीप नोडल पदाधिकारी एवं महिला प्रसार पदाधिकारी ने भाग लिया।

## एआईआरएफ के शताब्दी वर्ष का हिस्सा बनना

### महान गौरव का क्षण है - मो ज़्याऊद्दीन

### चार दिवसीय आयोजन में शामिल होने के लिए ईसीआरकेयू के प्रतिनिधि नई दिल्ली रवाना





**धनबाद** ऑल इंडिया रेलवमेंस फेडरेशन के शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन नई दिल्ली में धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है जिसमें ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि भी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। यह आयोजन 23 अप्रैल से 26 अप्रैल तक हो रही है। यज्ञ ज्ञात हो कि एआईआरएफ की स्थापना 24 अप्रैल 1924 को हुई थी और 24 अप्रैल 2024 को भारतीय रेल का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन अपने सौ वर्ष पूरा करने जा रहा है।

उक्त जानकारी देते हुए एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा ने बताया कि 23 अप्रैल को महिला एवं युवा रेलकर्मियों की राष्ट्रीय सभा तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित की गई है। 24 अप्रैल को फेडरेशन के वर्किंग कमिटी की बैठक करनैल सिंह स्टेडियम में होगी। इसी दिन दोपहर 2 बजे से सभी जोनल यूनियन द्वारा विशाल रैली अजमेरी गेट नई दिल्ली से निकाली जाएगी जिसमें ईसीआरकेयू के केन्द्रीय अध्यक्ष श्री डी के पाण्डेय और महामंत्री श्री एस एन पी श्रीवास्तव के नेतृत्व में सभी प्रतिनिधिगण अपनी सहभागिता निभाएंगे। उक्त रैली करनैल सिंह स्टेडियम में पहुँचेगी जहाँ विशाल जनसभा को देश विदेश के रेल यातायात और के श्रमिक संगठनों के शीर्ष नेतृत्व तथा उच्च अधिकारी संबोधित करेंगे। इस समारोह को मुख्य अतिथि रेलवे बोर्ड की प्रथम महिला चेयरमैन श्रीमती जया वर्मा सिन्हा होंगी तथा अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट फेडरेशन के महासचिव मिस्टर स्टीफन कॉटन समारोह का उद्घाटन करेंगे। 25 अप्रैल को प्रतिनिधि सभा की बैठक तालकटोरा स्टेडियम में होगी। 26 अप्रैल को सेवानिवृत्त रेलकर्मियों के प्रथम राष्ट्रीय स्तरीय बैठक सिविक सेंटर नई दिल्ली में होगी। धनबाद मंडल से बड़ी संख्या में रेलकर्मी इस अधिवेशन में शामिल होने के लिए दिल्ली प्रस्थान कर गए हैं।

ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पी एन एम प्रभारी मो ज़्याऊद्दीन ने जानकारी देते हुए कहा कि इस शताब्दी वर्ष आयोजन में रेलकर्मियों द्वारा नये पेंशन योजना को समाप्त कर सभी के लिए पुराने पेंशन योजना को लागू करने के लिए केन्द्र सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर एआईआरएफ ने कई केन्द्रीय श्रमिक संगठनों को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि एआईआरएफ को अनेकों महत्वपूर्ण विभूतियों ने अपना कुशल नेतृत्व प्रदान किया है जिसमें वी वी गिरी,लोकनायक जयप्रकाश नारायण,मधु दंडवते,जार्ज फर्नांडीस,उमरावमल पुरोहित,जे पी चौबे,राखालदास गुप्ता आदि का नाम प्रमुख है। ये हमारे प्रेरणास्रोत हैं। इन्हीं महान समर्पित नेतृत्व के कारण ही रेल मजदूरों के साथ साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों के मजदूरों की कार्य परिस्थितियों में सुधार हुआ तथा अनेकों श्रमिक अधिकार प्राप्त हुए हैं। इस शताब्दी वर्ष का हिस्सा बनने जा रहे सभी रेलकर्मी अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू के मिडिया प्रभारी एन के खवास ने बताया कि धनबाद मंडल से जाने वाले प्रतिनिधिमण्डल में केन्द्रीय अध्यक्ष डी के पाण्डेय, अपर महामंत्री मो ज़्याऊद्दीन, सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, जोनल सेक्रेटरी एआईआरएफ ओ पी शर्मा,केन्द्रीय संगठन मंत्री सोमेन दत्ता तथा नेताजी सुभाष सहित आर के सिंह,अजय सिंह,आई एम सिंह,बी के साव,पी के सिन्हा,रुपेश कुमार,बी बी सिंह,चंदन कुमार शुक्ला,विकास कुमार,आर एन चौधरी,स्वेता कुमारी,दीपा कुमारी एवं अन्य सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हैं।



झामुमो वरीय नेता देबू महतो ने बताया कि विगत एक माह से वार्ड २५ की तेलीपाडा पाल नगर शिमलडीह जे सी मल्लिक रोड स्थित आर एन महतो लेन क्षेत्रों में पानी की घोर समस्या की बातें को नगर आयुक्त,सहायक नगरआयुक्त, उप नगर आयुक्त सहीत संबधित पदाधिकारीयो को बार बार अवगत किया जा रहा है निगम की ओर से कोई फलाफल नही होता दीख मुहल्ले वासियों की ओर से प्रदर्शन किया गया पानी सुचारु नियमित रुप से नही हुआ तो बाध्य होकर आगे धनबाद गोबिन्दपुर मुख्य पथ को अनिश्चित कालिन जाम करने को तैयार हैं पानी के लिए त्राहिमाम को लेकर तेलीपाडा पाल नगर, बुडाबुढी स्थान गली शिमलडीह जे सी मल्लिक रोड स्थित आर एन महतो लेन (खोखन तालाब ) के निकट करीब १३०/१५० घरो मे निगम द्वारा पानी नही मिलने से नाराज आक्रोशित मुहल्ले वासियों की ओर से प्रदर्शन कर पानी नियमित पानी सप्लाई सुचारु करने की मांग की गई है लोगो ने बताया कि जल्द पानी सुचारु नहीं हुई तो धनबाद गोबिन्दपुर मुख्य पथ जाम किया जाएगा

## राज्य स्तरीय टीम ने बलियापुर के विद्यालयों का किया निरीक्षण



**बलियापुर** : राज्य स्तरीय टीम ने मंगलवार को मंगलवार को प्लस टू उच्च विद्यालय बलियापुर और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बलियापुर का निरीक्षण किया निरीक्षण के क्रम में बलियापुर प्लस टू में निर्माण कार्य पूर्ण हो चुकी भवन को एक सप्ताह के अंदर विद्यालय को हस्तगत करने का आदेश दिया तथा विद्यालय में साफ सफाई एवं अन्य कार्य करने का निर्देश दिया इसके बाद टीम इसके बाद टीम कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पहुंची पहुंची जहां उन्होंने सरकार को देखा एवं गतिविधि आधारित शिक्षा देने की बात कही आज के निरीक्षण टीम में पल्लवी शा, रजनीकांत मिश्रा, बीइइओ रीना कुमारी, सहायक अभियंता विनय कुमार, कनीय अभियंता तज्जमुल, प्रधान शिक्षक संतोष सिन्हा, वार्डन रीता कुमारी आदि उपस्थित थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरों के साथ की बैठक

## सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों की टीम मतदान के प्रति करेगी जागरूक

आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त वोट प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से आज दिनांक 23 अप्रैल 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिले के प्रमुख सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरों के साथ समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई।



बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोगों तक किसी भी संदेश को पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया एक बहुत ही शक्तिशाली एवं प्रभावशाली उपकरण है तथा एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और व्हाट्सएप जैसे मंचों पर बड़ी संख्या में उपयोगकर्ता हैं, जिन तक पहुंचने की जरूरत है।उन्होंने कहा की इन्फ्लुएंसर की यह बैठक हमें वोट प्रतिशत बढाने, युवा मतदाताओं को प्रेरित करने के साथ साथ कम मतदान वाले क्षेत्रों में विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर प्रचार और प्रसार में हमारी मदद करेगी।

इस दौरान सभी इनफ्लुएंसर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी ने अपने विचार रखे। रोचक कहानी के माध्यम से, ब्लॉगर के माध्यम से, तो किसी ने लघु फिल्म के माध्यम से जागरूक करने का सुझाव दिया। उपायुक्त ने चुनाव के इस महापर्व में सभी इनफ्लुएंसरों को अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अपील किया। उन्होंने कहा कि देश के सम्मानित नागरिक का कर्तव्य निभाएं एवं सभी से वोट करने की अपील भी करें। सोशल मीडिया में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु तरह-तरह के कंटेंट का निर्माण कर पोस्ट करने हेतु भी अपील की गई।

स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त श्री रविराज शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर युवाओं के साथ जुड़ने और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इतना ही नहीं विभिन्न क्षेत्रों के लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों की एक टीम बनाई है जो मतदान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करेंगे।

मौके पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, डीडीसी श्री सादात अनवर, नगर आयुक्त श्री रवि राज शर्मा, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती संतोषिनी मुर्मू, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर श्री मनोज डे, श्रीमती ज्योति श्री महतो, श्री सनातन महतो, श्रीमती अंजली महतो समेत अन्य मौजूद रहें।

अलग पहचान



# भाजपा कभी आदिवासी-मूलवासी की भलाई नहीं कर सकती: चंपाई सोरेन



**चाइबासा।** इंडिया गठबंधन की तरफ से चाइबासा में जेएमएम उम्मीदवार जोबा मांझी ने मंगलवार को नामांकन दाखिल किया। इस दौरान सीएम चंपाई सोरेन, कल्पना मुर्मू सोरेन और मंत्री दीपक बिरुआ सहित झामुमो विधायक मौजदू रहे। नामांकन दाखिल करने के बाद शहर के खुंटकटी मैदान में जनसभा हुई, जहां हजारों की संख्या में जेएमएम और कांग्रेस के समर्थक मौजूद थे। जोबा मांझी के नॉमिनेशन के बाद सीएम चंपाई सोरेन ने सभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव की तरह इस चुनाव में भी कोल्हान में बीजेपी का खाता खुलने नहीं देंगे। इस बार हम सभी 14 सीट जीतेंगे।

**किस बात की गारंटी कर रही बीजेपी पता नहीं**

सीएम चंपाई सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि धूप होने के बावजूद एकता दिख रही है। इस बार के चुनाव को लेकर आज के जनसैलाब ने साबित कर दिया है कि पहले चरण के चुनाव में हमारी जीत पक्की होगी। हम लोगों ने पिछले विधानसभा में बीजेपी का कोल्हान में खाता नहीं खुलने दिया था। इस बार भी 14 सीट जीतेंगे। झारखंड के विकास के लिए हमलोगों ने बहुत कुछ किया। बीजेपी कभी आदिवासी हित में नहीं सोचती। मूलवासी का हित नहीं सोचती। दलित का हित नहीं सोचती। इनके पास मुद्दा नहीं है। 2014 से लेकर आज तक जुमलाबाजी कर रही है। इस बार भी गारंटी की जुमलाबाजी है। किस बात की गारंटी पता नहीं है। नये चुनाव में नया जुमला। झारखंड में बीजेपी ने जनता को धोखा किया। हमारी सरकार ने जंगल के सुदूरवर्ती इलाके में योजना दी। हर परिवार को लाभ दिया। 50 साल के बाद व्यक्ति को पेंशन दिया।

**बीजेपी ने वनाधिकार कानून को शिथिल किया**

सीएम चंपाई ने कहा कि यह कोल्हान की धरती है। सबसे बडा जंगल है इस एरिया में। बीजेपी ने वनाधिकार कानून को शिथिल किया। ग्राम प्रधान को नहीं मानती। हमने सालों से जल जंगल जमीन की लडाई लडी है। बीजेपी के सांसद से सावधान रहने की जरूरत है। डबल इंजन की सरकार में मनकी मुंडा को शिथिल किया। हमारी सरकार मनकी मुंडा छात्रवृत्ति दे रही है। खेल में पोटो हो के नाम से खेल मैदान बनाया।

**बीजेपी ने ज्यादा समय तक शासन किया, लेकिन आदिवासी-मूलवासी का हित नहीं सोचा**

सीएम ने आगे कहा कि हमने सरना धर्म कोड के लिए मान्यता मांगी, लेकिन केंद्र ने ध्यान नहीं दिया। पिछडों को 27 फीसदी आरक्षण बिल का कानून बनाया, लेकिन केंद्र ने अटका दिया। उनके पास कोई योजना नहीं है। झारखंड धनी है। खनिज है। आदिवासी मूलवासी बहुसंख्या में हैं। बीजेपी ने ज्यादा समय तक शासन किया, लेकिन आदिवासी मूलवासी का हित नहीं सोचा। जनजातीय भाषा का हित बीजेपी नहीं सोच सकती। हमने निजी कंपनी में 75 फीसदी आरक्षण दिया। बीजेपी महंगाई की बात नहीं करती। रोजगार की बात नहीं करती। 8 लाख आदिवासी का पीएम आवास सूची में नाम था, लेकिन उन्हें हटा दिया। 2022 से फंड देना बंद कर दिया। हमारी सरकार और पूर्व सीएम ने आबुआ आवास देने की घोषणा की। आज भीड देख के अंदाजा हो गया कि गठबंधन मजबूत है। बीजेपी नहीं तोड सकती इस चट्टानी एकता को। विश्वास है कि जैसे विधानसभा में बीजेपी को कोल्हान में एक भी सीट नहीं दिया। इस बार भी हम जी जीतेंगे। हम लोग मिल कर जोबा मांझी को जितायेंगे।



**चाईबासा।** चाईबासा सीट से इंडि गठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी ने नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान सीएम चंपाई सोरेन, पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन, मंत्री दीपक बिरुवा, चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव, मझगांव के विधायक निरल पूर्ति, खरसावां के विधायक दशरथ गागराई, जगन्नाथपुर के विधायक सोनाराम सिंकू के अलावा सरायकेला के जिला अध्यक्ष समेत प्रखंड, पंचायत एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ता मौजूद रहें।इससे पहले जोबा मांझी ने कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस भवन से लेकर खूंटकटी मैदान तक पदयात्रा की। उनके साथ पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य भी मौजूद थे। गौरतलब है कि इस सीट से जोबा मांझी के खिलाफ एनडीए ने गीड़ा कोड़ा को मैदान में उतारा है। गीता कोड़ा ने बीते दिन (सोमवार) को नामांकन दाखिल किया।

# डीडीसी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**बोकारो:** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर गीरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गोमिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण,चल रहें निर्माण कार्यों का लिया जायजा

लोकसभा आम निर्वाचन के सफल आयोजन को लेकर उपलब्ध कराएं जा रहें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के ठहराव स्थल/विद्यालय भवन का भी डीडीसी समेत अन्य पदाधिकारियों ने लिया जाएगा,ससमय निर्माण कार्य को पूरा करने का दिया निर्देश

जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र गोमिया के तिस्कोपी,चतरोचट्टी,कुर्कनालो,तुलबुल, झुमड़ा,रहावन एवं पंचमो आदि क्षेत्रों का निर्वाचन कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्री संदीप कुमार,एसडीओ बेरमो श्री अशोक कुमार,एसडीपीओ बेरमो श्री वी एन सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों के साथ किया दौरा



लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) श्रीमती विजया जाधव के निर्देश पर मंगलवार को निर्वाचन कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्री संदीप कुमार ने गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गोमिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मौके पर *सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ बेरमो श्री अशोक कुमार, एसडीपीओ बेरमो श्री वी एन सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री जगरनाथ लोहरा,संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, श्री महादेव महतो, अंचलाधिकारी श्री प्रदीप कुमार महतो समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

डीडीसी ने क्रमवार विभिन्न मतदान केंद्रों के साथ निर्वाचन के सफल आयोजन को लेकर उपलब्ध कराएं जाने वाले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के ठहराव स्थल/बिल्डिंग का भी जायजा लिया। इस दौरान पूर्व में दिए निर्देशों के अनुरूप चाहरदिवारी, शौचालय आदि के निर्माण कार्य को देखा और जरूरी दिशा – निर्देश दिया।

इस क्रम में डीडीसी ने सीएपीएफ ठहराव स्थल हरिजन आदिवासी विकास उ.वि. तिसकोपी गोमिया, सीएपीएफ ठहराव स्थल/मतदान केंद्र सं. 09/10 म.वि. चतरोचट्टी गोमिया, सीएपीएफ ठहराव स्थल/मतदान केंद्र सं. 33/34 उ.म.वि कुर्कनालो गोमिया,उत्क्रमित उच्च विद्यालय तुलबुल एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुलबुल,सीएपीएफ ठहराव स्थल आश्रम आवासीय विद्यालय तुलबुल, झुमड़ा,रहावन एवं पंचमों के विभिन्न मतदान केंद्रों आदि का निरीक्षण किया।

इस दौरान सीएपीएफ ठहराव स्थल/मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। केंद्र परिसर की साफ – सफाई,बिजली आपूर्ति, मूलभूत सुविधाओं को अविलंब दुरूस्त करने का निर्देश दिया। सीएपीएफ ठहराव स्थल वाले विद्यालय भवनों में आवश्यकता अनुरूप निर्माणाधीन अतिरिक्त शौचालय निर्माण, चाहरदिवारी निर्माण आदि को देखा। संबंधित कार्य एजेंसी को निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए ससमय निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

# जोबा मांझी की जीत पक्की : दीपक बिरुआ



**चाइबासा।** चाइबासा से झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी जोबा मांझी ने पर्चा दाखिल किया। नामांकन दाखिल करते समय उनके साथ प्रदेश के सीएम चंपई सोरेन, पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, कल्पना मुर्मू सोरेन और चाइबासा विधायक दीपक बिरुआ शामिल हुए। जोबा मांझी के नामांकन की पूर्व संध्या पर दीपक बिरुआ ने कहा। इस बातचीत में उन्होंने सिंहभूम सीट से उन्हें टिकट नहीं मिलने, इंडिया गठबंधन में प्रत्याशी बदलने, ईचागढ डैम निर्माण और विस्थापन सहित चुनाव में माहौल के सभी सवालों का खुलकर जवाब दिया। ये पूछे जाने पर कि चाइबासा में जोबा मांझी के साथ आपकी प्रतिष्ठा भी दांव पर है क्योंकि आप विधायक हैं, दीपक बिरुआ ने कहा कि ऐसी बात नहीं है। सवाल प्रतिष्ठा का नहीं है। लोग मुझे जानते हैं, समझते हैं कि मैं किसी बात को प्रतिष्ठा से नहीं जोडता। हां! चाइबासा में पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे जोबा मांझी को जिताने के लिए मेहनत करें।

**बीजेपी आदिवासियों में फूट डालना चाहती है**

चाइबासा में हो आदिवासी समाज से किसी व्यक्ति को उम्मीदवार नहीं बनाये जाने और समाज में नाराजगी के सवाल पर दीपक बिरुआ ने कहा कि इस बात से इनकार नहीं है कि इस संसदीय सीट में हो आबादी है लेकिन, नाराजगी की बात गलत है। उन्होंने इसे बीजेपी का प्रोपेगेंडा बताते हुए कहा कि वो आदिवासियों में फूट डालना चाहती है। उन्होंने कहा कि कहां संथाल आबादी थी वहां उरांव जीते। इसी चाइबासा में कृष्णा मारडी जीते। पार्टी ताजा स्थिति और राजनीतिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर कोई भी फैसला लेती है।

# खूंटी लोकसभा सीट से अर्जुन मुंडा ने भरा नामंकन,



**खूंटी।** खूंटी लोकसभा सीट से नामांकन करने के लिए बीजेपी के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा डीसी ऑफिस पहुंची। जहां उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए पर्चा भरा। इससे पूर्व उन्होंने कर्रा के सोनमेर मंदिर और अंगराबारी में मत्था टेका। इस मौके पर उनके साथ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो और पूर्व सांसद व वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा भी उनके साथ मौजूद थे। नामांकन करने के बाद वे जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान उनके साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद होंगे।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लांट नं 0535 एवं 1272 लालगूटवा रातू रोड़ पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर हिनू चौंक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्य नं ,651-2253830 ,9471717919, 9123244605 | RNI,NO JHAHIN/2013/66670
E-mail id alagpahchan@gmail.com | web -www.alagpahchan.com

# रालोद प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीसरी बार की संसदीय क्षेत्र में चुनावी सभा

**•• रालोद सुप्रीम जयंत चौधरी व उनकी धर्मपत्नी चारु चौधरी ने भी जीत दिलाने का किया आह्वान**

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**

**बडौत।** सपा प्रत्याशी के दमदार व प्रभावी प्रचार अभियान के चलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बागपत संसदीय क्षेत्र में रालोद प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत दिलाने की गरज से तीसरी बार आना पडा।इससे पूर्व उनकी चुनावी सभा बागपत व मोदीनगर में भी हो चुकी है।इतना ही नहीं, रालोद सुप्रीम जयंत चौधरी की पत्नी चारू चौधरी ने भी मंच पर आकर वोट मांगने पडे।

नगर के जनता वैदिक कॉलेज के मैदान में उत्तर प्रदेश के





सीएम योगी आदित्यनाथ चुनावी कार्यक्रम में पहुंचे, जिसे संकल्प विजय रैली नाम दिया गया था।उन्होंने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, विकसित भारत के लिए मोदी के हाथों को मजबूत करने का काम करें।

इस दौरान रालोद प्रमुख जयंत चौधरी व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती चारु चौधरी ने भी मंच से संबोधित करते हुए कहा कि, भाजपा की सरकार में किसान खुशहाली के रास्ते से गुजर रहा है।

उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि, आप लोग मोदी को सत्ता सौंपिये, इससे भारत दुनिया का सबसे ताकतवर देश बनेगा।उन्होंने कहा कि, रालोद के प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान बागपत लोकसभा क्षेत्र में एक अच्छी सोच रखने वाला ईमानदार हैं, ऐसे प्रत्याशी को संसद में भेजने का काम करें यह आप लोगों के लिए हमेशा समर्पित रहेगा ।

इस दौरान चौधरी चरण सिंह अमर रहे बीजेपी जिंदाबाद राष्ट्रीय लोक दल जिंदाबाद के नारे लगते रहे ।

कार्यक्रम में मौजूद भाजपा के जिला अध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय राज्य मंत्री केपी मलिक पूर्व राज्य मंत्री कुलदीप उज्ज्वल पूर्व विधायक चौ साहब सिंह पूर्व विधायक गजेंद्र मुन्ना पूर्व विधायक छपरौली डॉक्टर अजय तोमर रालोद के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा जनता वैदिक कॉलेज के प्रबंध समिति अध्यक्ष वीरेंद्रपाल सिंह लोहड्डा योगेंद्र सिंह सोलंकी पूर्व विधायक वीरपाल राठी धूम सिंह चेयरमैन, युवा नेता रमन शर्मा धीरज उज्ज्वल राजू तोमर पूर्व प्रधान रालोद नेता अश्वनी तोमर रामकुमार चौधरी चेयरमैन ईंट भट्टा निर्माता समिति अध्यक्ष विक्रम सिंह राणा सांसद डॉ सत्यपाल सिंह धर्मवीर सिंह एडवोकेट विनोद मान एडवोकेट सिनोली ईश्वर सिंह एडवोकेट वेदपाल पवार एडवोकेट के अलावा काफी संख्या में भाजपा रालोद गठबंधन के नेता कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## हनुमान जयंती पर जगह जगह यज्ञ व भंडारे, श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**संवाददाता शशि धामा**



**खेकडा।**कस्बे में हनुमान जयंती के पावन पर्व पर मंदिरों में आस्था व विश्वास की लहर दिखाई दी। अनेक जगह हुए यज्ञ व भंडारे। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

कस्बे के बाबा कालेसिंह मंदिर में आयोजित हनुमान जयंती पर्व पर सुबह से ही श्रद्धालुओं ने पहुंच कर मन्नतें मांगी। महंत अनिल गौनियाल ने बताया कि ,दस बजे से आरंभ हुए विशाल भंडारे में सैकडों लोगों ने प्रसाद लिया। आयोजक संजय सिंघल, अमित गुप्ता, अर्पित, चिराग, सच्चे आदि रहे। वही दूसरा बडा आयोजन मुबारिकपुर मार्ग के हनुमान मंदिर में हुआ। यहां पुजारी प्रभात शास्त्री के सानिध्य में हवन, पूजा पाठ के बाद चूरमे, लड्डू का भोग लगाकर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। आयोजक सज्जन धामा, दीपक, राजीव गुप्ता, सुधीर धामा आदि रहे।

रेलवे रोड पर चौ तिलक राम मार्केट में आयोजित भंडारे में सैकड़ों हनुमान भक्तों ने भोजन ग्रहण किया।आयोजक हरेन्द्र मोनू, पुनीत शर्मा, यशवीर सिंह, सचिन आदि रहे। श्रीराम मंदिर में पंडित यज्ञेश मिश्रा की देखरेख में विशाल भंडारा हुआ। दिन भर भारी भीड रही। मंदिर परिसर बजरंगबली के जयकारों से गूंजायमान रहा , वहीं औरंगाबाद चक्रसैनपुर के मंदिर में हवन यज्ञ का आयोजन कर बजरंगबली को भोग लगाया गया।

## महाराष्ट्र से दस मेडल जीत कर लौटे बाक्सर ,प्रदर्शन के आधार पर उत्तर प्रदेश को मिला दूसरा स्थान




**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा** ।नेशनल कून बोकाटोर किक बाक्सिंग खेल प्रतियोगिता में कस्बे की मुस्कान एकेडमी के खिलाडियों ने महाराष्ट्र में शानदार प्रदर्शन कर दस मेडल जीते। प्रदर्शन के आधार पर उत्तर प्रदेश को द्वितीय स्थान भी मिला। मंगलवार को कस्बे में उनका स्वागत किया गया।

महाराष्ट्र के शिरडी में कून बोकाटोर किक बाक्सिंग नेशनल खेल प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 22 अप्रैल को हुआ। इसमें कस्बे की मुस्कान एकेडमी के खिलाडियों ने यूपी का प्रतिनिधित्व करते हुए दस मेडल जीते। कोच मुस्कान शर्मा ने बताया कि, खिलाडियों ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया और प्रदर्शन के आधार पर उत्तर प्रदेश को द्वितीय स्थान मिला। इनमें सीनियर वर्ग मुकाबले में सोनम व अंकित को स्वर्ण और जफर खान ने कांस्य पदक प्राप्त किया। सब जूनियर वर्ग में आरिस मलिक, काजल, स्नेहा ने स्वर्ण जीता। जूनियर वर्ग में साकिर अरहान, मयंक कश्यप, तालिब मलिक ने स्वर्ण पदक जीता। मंगलवार को खेकडा में खिलाडियों को स्वागत किया गया।

## रक्तदान जीवन दान के बराबर, स्वस्थ व्यक्ति अवश्य करें :राकेश मोहन गर्ग

**••रक्तदान करने से शरीर में नहीं आती कोई कमजोरी :अभिमन्यु गुप्ता**

**•• 41 रक्त वीरों ने रक्तदान किया**

**••अपना जन्मदिन मनाते हुए डॉ हर्षित गोयल सहित 41 रक्त वीरो ने किया रक्तदान**

**ब्यूरो डॉ योगेश कौशिक**




**बागपत।** श्री हनुमान जयंती के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल नगर इकाई बागपत, जिला रेड क्रॉस समिति एवं लायंस क्लब अग्रवाल मंडी के संयुक्त तत्वाधान में समाजसेवी एवं व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज गोयल के पुत्र डॉ हर्षित गोयल के जन्मदिन के अवसर पर जेपी मेमोरियल फिजियोथैरेपी सेंटर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर का उद्घाटन प्रसिद्ध समाजसेवी मा राकेश मोहन गर्ग ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया ।

इस अवसर पर समाजसेवा एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े वरिष्ठ समाजसेवी अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि, रक्तदान करने से शरीर में कोई कमी नहीं आती ,बल्कि उल्टे रक्त की जांच होने से अनजाने विकारों से छुटकारा भी मिल जाता है । कहा कि, सभी स्वस्थ स्त्री पुरुषों को प्रत्येक तीन माह में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान शिविर में 41 रक्तवीरों ने रक्तदान किया ।

जिला संयुक्त अस्पताल के डॉ शुक्ला के नेतृत्व में भारती ,प्रीति वर्मा ,अमित कुमार, योगेश कुमार ने रक्तदान कराया तथा सभी रक्तदाताओं को सम्मान पत्र प्रदान कर एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया ।अपने जन्मदिन और रामभक्त हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में डॉ हर्षित गोयल ने नयी मिशाल कायम करते हुए रक्तदान किया।उन्हें पटका पहनाकर एवं भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा प्रदान कर जन्मदिन की बधाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन एमजेएफ ला पंकज गुप्ता ने किया ।

रक्तदान शिविर को सफल बनाने में व्यापार मंडल के महामंत्री विक्की चौधरी कोषाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता संयुक्त व्यापार संघ के उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता उपाध्यक्ष मुनीर खान लायनडॉक्टर करणवीर सिंह उपाध्यक्ष लायनविवेक गोयल आईवीएफ के प्रांतीय युवा महामंत्री मयंक गोयल ला अतुल गुप्ता सहित अनेक गण मान्यो ने सहयोग किया।

# पोलिंग पार्टियों को सौपने को तैयार हुई ईवीएम मशीने ,25 अप्रैल को लेकर रवाना होगी पोलिंग पार्टियां

**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा।लो**कसभा चुनाव के मतदान के लिए चुनाव संचालन केंद्र पर सभी वीवीपेट और ईवीएम मशीनों को चालू हालत में तैयार कर दिया गया है। 25 अप्रैल को उन्हें पोलिंग पार्टियों को सौंप दिया जाएगा।

बागपत लोकसभा में 26 अप्रैल को मतदान होना है। जनपद की बागपत, बडौत और छपरौली विधानसभा के 979 बूथों पर मतदान होना है।मतदान में 3970 ईवीएम और 452 वीवपैट मशीनों का प्रयोग होना है। यह सभी मशीनें एक सप्ताह पहले चुनाव संचालन केंद्र पर पहुंच गई थी। तभी इनकी बैटरियों को चार्ज करने और मॉक पोल के जरिए मतदान के लिए तैयार करने का कार्य शुरू हो गया था। दर्जनों प्रशिक्षित कर्मचारी इन्हें दुरुस्त करने में लगे थे। अब यह सभी मशीन मतदान के लिए चालू हालत में तैयार हो चुकी हैं। सभी को स्ट्रांग रूम में रख दिया गया है।

एसडीएम ज्योति शर्मा ने बताया कि इनमें 1342 मशीन बागपत विधानसभा के लिए, 1249 बडौत विधानसभा के लिए और 1379 मशीनें छपरौली विधानसभा के लिए हैं। 25 अप्रैल को इन्हें पोलिंग पार्टियों को सौंपा जाएगा। 26 अप्रैल को मतदान के बाद वह इन्हें चुनाव संचालन केंद्र पर जमा कराएंगे। 3 जून तक यह सभी मशीन कडी सुरक्षा में स्ट्रांग रूम में रहेंगी। 4 जून को मतगणना होगी।

## बागपत-11 लोकसभा प्रत्याशियों के लेखा का तृतीय मिलान संपन्न

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** कलेक्ट्रेट सभागार में व्यय प्रेक्षक नितिन शिवराज के पाटिल ने बागपत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी लोकसभा प्रत्याशियों के छाया प्रेषण रजिस्टर का तृतीय मिलान कराया। इस दौरान सभी राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवारों व अभिकर्ताओं द्वारा लेखा प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही अब तक कुल तीन बार सभी पार्टियों के उम्मीदवारो के लेखा मिलान पूर्ण हो चुके हैं।

लेखा मिलान के दौरान यतेंद्र सिंह व्यय प्रेक्षक के लाइजनिंग ओफिसर , मनीष कुमार सिंह वरिष्ठ कोषाधिकारी सहायक नोडल ,व्यय अनुवीक्षण तथा सभी लेखा टीम प्रभारी एवं बागपत लोकसभा के प्रत्याशियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बता दें कि,इससे पूर्व प्रत्याशियों के लेखा का प्रथम मिलान 13 अप्रैल को व द्वितीय मिलान 18 अप्रैल 2024 को हो चुका है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ महावीर जन्मोत्सव समारोह संपन्न ,दिगम्बर जैन बडा मंदिर में देर रात तक चला भव्य आयोजन

**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा।भगवान** महावीर जन्मोत्सव के तहत रात्रि में भव्य धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन हुए। जैन परिवार के बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

महिला जैन मिलन के तत्वाधान में भगवान महावीर जन्मोत्सव की श्रृंखला में बीती रात कस्बे के शांतिनाथ दिगम्बर जैन बडा मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ राजा जैन, नरेश जैन, मनोज जैन ने संयुक्त रूप से किया तथा झंडारोहण, चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन के पश्चात महावीर वंदना हुई। णमोकार मंत्र का जाप किया गया।

इस दौरान मंच पर जैन परिवारों के बच्चों ने श्रीजी से जुडी नाटिका प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। नाटिका णमोकार मंत्र की अविनय का फल, भगवान महावीर पर शिक्षाप्रद विचार, चंदनबाला का भावुक दृश्य,नृत्य,गीत कविता की प्रस्तुति दी। महिला



जैन मिलन की महिलाओं द्वारा कुंडलपुर में बधाई और वीर पालना ने सबको मोहित कर किया। वंशिका, शिवांगी, अनिका, अनंत, सम्यक,अक्ष, कियांश अनंत, अरघ, श्रेयश आदि बच्चों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन महिला जैन मिलन की अध्यक्षा रेखा जैन ने किया।

कार्यक्रम में जनेश्वर दयाल, जिनेश, अजेश, ओमप्रकाश, महेश, प्रियंका, अनीता, श्वेता,राजकुमार,अरुण, प्रदीप आदिश, सुमेर,जोगिंदर, नितिन, दीपा, रेखा, संगीता, अक्षिता, रुचि, बबीता, प्रियंका, अनीता, कमलेश, जयरानी, उषा आदि शामिल रही।

पांच मई को बरनावा चंद्रप्रभु विधान में जाएगी बस

जैन मिलन के संरक्षक जनेश्वर दयाल जैन ने बताया कि पांच मई को बरनावा में मूल नायक मूर्ति का अभिषेक, भगवान चंद्र प्रभु महामंडल विधान होगा। इसके लिए निशुल्क बस जाएगी। जाने के इच्छुक धर्मावलम्बी अवगत करा दे।

## स्वीप अभियान के अंतर्गत चलाया गया हस्ताक्षर अभियान के तहत सैकड़ों ने 26 अप्रैल को मतदान का लिया संकल्प



**नेहरू युवा केन्द्र की पहल रंग लाई**

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अनुसार बागपत में द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस हेतु मतदाताओं को मतदान संबंधी विभिन्न सुविधाओं की जानकारी देने के साथ ही 26 अप्रैल को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मंगलवार को अमीनगर सराय में नेहरू युवा केंद्र बागपत के तत्वाधान में मतदान हेतु संकल्प हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। युवा स्वयंसेवक ऋषभ ढाका के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में सैकड़ों लोगों ने हस्ताक्षर कर चुनाव के पर्व देश के गर्व में मतदान करने का संकल्प लिया।

हस्ताक्षर अभियान में युवा, महिला व बुजुर्ग मतदाताओं ने भी उत्साह के साथ प्रतिभाग किया और अपने हस्ताक्षर कर प्रतिबद्धता व्यक्त की। ऋषभ ढाका ने बताया कि, हस्ताक्षर अभियान में मतदाताओं ने जागरूकता का परिचय दिया और बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। युवा मतदाता अनुज ढाका ने बताया कि,हस्ताक्षर अभियान में शामिल होकर देश के प्रति कर्तव्य की भावना जागृत हुई और निश्चित ही 26 अप्रैल को प्रात: 7 बजे ही बूथ पर मतदान करने पहुचेंगे और अन्य को भी प्रेरित करेंगे।

## खेत से घर आ रहे युवकों पर हमला कर किया घायल, दी तहरीर

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**



**बडौत।** तहसील क्षेत्र के राजपुर खामपुर गांव में अपने खेत से आ रहे किसान मुकेश के बेटे के साथ पड़ोस के ही युवकों ने ट्यूबवेल पर जाकर जमकर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल उज्ज्वल पुत्र मुकेश व कार्तिक पुत्र मुकेश ने बडोत कोतवाली में जाकर तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की । घायलों का नगर की सीएचसी में उपचार कराया गया। दोनों युवकों को गंभीर चोटे आई हैं।कोतवाली प्रभारी संजय कुमार शर्मा का कहना है कि तहरीर मिली है, आरोपियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।